CS (Main) Exam : 2014

**C–DRN–N–UPDA**

## समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

## SOCIOLOGY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

ABHYAS IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक का संक्षिप्त उत्तर लगभग *150* शब्दों में लिखिये :

Write short answer of the following in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* किस प्रकार वस्तुनिष्ठता मूल्य तटस्थता से भिन्न है? प्रणाली विज्ञान पर वेबर के विचारों के संदर्भ में विवेचना कीजिये।

How is objectivity different from value neutrality? Discuss with reference to Weber's views on methodology.

*(b)* पश्चिमी यूरोप में औद्योगिक समाज के आविर्भाव ने किस प्रकार पारिवारिक जीवन को परिवर्तित कर दिया?

How did the emergence of industrial society change the family life in Western Europe?

*(c)* मानव क्रियाओं का समाजशास्त्रीय उपागम मनोवैज्ञानिक उपागम से किस प्रकार भिन्न है?

How is sociological approach to human actions different from that of psychological approach?

*(d)* किस प्रकार जीवनियाँ सामाजिक जीवन के अध्ययन के लिए उपयोग की जा सकती हैं?

In what way biographies could be used to study social life?

*(e)* समाज में फैशन को समझने के लिए हम संदर्भ-समूह सिद्धान्त का किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं?

How can we use reference group theory to understand fashion in society?

**2.** *(a)* उपभोक्ता व्यवहार और इसके सामाजिक सहसम्बन्धों के अध्ययन के लिए कौन-सी अनुसंधान तकनीक सर्वाधिक उचित होगी? स्पष्ट कीजिये।

Which research technique would be most suitable for the study of consumer behaviour and its social correlates? Explain. 20

*(b)* मार्क्स की 'विसम्बन्धन' (एलिनेशन) की थियोरी और दुर्खीम की 'असम्बन्धिता' (ऐनोमी) की थियोरी के बीच समानताओं एवं असमानताओं को इंगित कीजिये।

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

Identify the similarities and differences between Marx's theory of 'alienation' and Durkheim's theory of 'anomie'. 20

*(c)* नगरीय भारत में यातायात की समस्या को समझने के लिए किस प्रकार मर्टन की विसामान्यता (डेविएंस) की संकल्पना का उपयोग किया जा सकता है?

How could one use Merton's concept of deviance to understand the traffic problem in urban India? 10

**3.** *(a)* लिंग (जेंडर) से आप क्या समझते हैं? यह किस प्रकार 'पुरुष' की पहचान को आकृति प्रदान करती है?

What do you understand by gender? How does it shape 'male' identity? 20

*(b)* "मैक्स वेबर के अनुसार, 'वर्ग' तथा 'प्रस्थिति' शक्ति के दो विभिन्न आयाम हैं।" विवेचना कीजिये।

"According to Max Weber, 'class' and 'status' are two different dimensions of power." Discuss. 20

(c) मर्टन के 'अभिव्यक्त' और 'अव्यक्त' प्रकार्यों की संकल्पनाओं का उपयोग करते हुए भारतीय समाज में भ्रष्टाचार के स्थायित्व को स्पष्ट कीजिये।

Using Merton's concepts of 'manifest' and 'latent' functions, explain the persistence of corruption in Indian society. 10

4. (a) वेबर अधिकारी-तन्त्र की अपनी थियोरी में 'आदर्श प्रकारों' की धारणा का किस प्रकार उपयोग करता है?

How does Weber use the notion of 'ideal types' in his theory of bureaucracy? 20

(b) सामाजिक प्रघटना के अध्ययन में किस प्रकार 'व्याख्यात्मक' विधि 'प्रत्यक्षवादी' उपागम से भिन्न है?

In what way 'interpretative' method is different from 'positivist' approach in the study of social phenomena? 20

(c) मीड की सांकेतिक अन्योन्यक्रियावाद (इंटरऐक्शनिज्म) की थियोरी का उपयोग करते हुए लिंग पहचान (जेंडर आइडेंटिटि) की रचना में अवस्थाओं पर चर्चा कीजिये।

Using Mead's theory of symbolic interactionism, discuss the stages in the formation of gender identity. 10

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिये :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) मार्क्स के अनुसार, वर्ग-विभाजन 'शोषण' के परिणाम हैं। चर्चा कीजिये।

For Marx, class divisions are outcomes of 'exploitation'. Discuss.

ABHYAS
IAS ACADEMY

(b) दास-समाज में कार्य के सामाजिक संगठन के प्रभेदक अभिलक्षण क्या होते हैं? यह सामंती समाज से किस प्रकार भिन्न है?

What are the distinctive features of social organization of work in slave society? How is it different from feudal society?

(c) नागरिकता पर टी० एच० मार्शल के विचारों की विवेचना कीजिये।

Discuss T. H. Marshall's views on citizenship.

(d) राजनैतिक दलों तथा दबाव समूहों में विभेद कीजिये।

Distinguish between Political Parties and Pressure Groups.

(e) "दुर्खीम के अनुसार, आधुनिक समाज में धर्म का सार वैसा ही है जैसा कि आदिम समाज में था।" टिप्पणी कीजिये।

"According to Durkheim, the essence of religion in modern society is the same as religion in primitive society." Comment.

**6.** *(a)* ''शक्ति, शून्य-योग खेल (जीरो-सम गेम) नहीं है।'' वेबर और पारसन्स के विचारों के सन्दर्भ में विवेचना कीजिये।

"Power is not a zero-sum game." Discuss with reference to Weber's and Parsons' views. 20

*(b)* परिवार की संस्था के प्रकार्यात्मक (फंक्शनलिस्ट) विचारों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये। वर्तमान समय में किस प्रकार ये परिवार को समझने में सहायक हैं?

Critically examine the functionalist views on the institution of family. How do those help us in understanding family in the present times? 20

*(c)* आप 'लिव-इन सम्बन्ध' के संस्थायन (इंस्टिट्यूशनलाइजेशन) से क्या समझते हैं?

What do you understand by institutionalization of 'live-in relationship'? 10

**7.** *(a)* धार्मिक पुनरुज्जीवनवाद (रिवाइवलिज्म) साम्प्रदायिकता से किस प्रकार भिन्न है? भारतीय संदर्भ से उपयुक्त उदाहरणों के द्वारा सविस्तार स्पष्ट कीजिये।

How is religious revivalism different from communalism? Elaborate with suitable examples from the Indian context. 20

*(b)* शिक्षा प्रायः सामाजिक परिवर्तन का एक अभिकरण माना जाता है। तथापि वास्तविकता में यह असमताओं और रूढ़िवाद को प्रबलित भी कर सकती है। चर्चा कीजिये।

Education is often viewed as an agency of social change. However in reality it could also reinforce inequalities and conservatism. Discuss. 20

*(c)* मार्क्स के अनुसार, पूँजीवाद स्त्रियों तथा पुरुषों के बीच के व्यक्तिगत सम्बन्धों को भी रूपान्तरित कर सकता है। समसामयिक भारतीय संदर्भ से उदाहरणों के साथ इस बात का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

According to Marx, capitalism transforms even the personal relationships between men and women. Critically examine with illustrations from the contemporary Indian context. 10

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**8.** *(a)* प्रौद्योगिकी का बढ़ता हुआ उपयोग भारतीय समाज में किस प्रकार स्त्रियों की प्रस्थिति में परिवर्तन कर रहा है?

How is the increasing use of technology changing the status of women in Indian society? 20

*(b)* 'निर्भरता' के लातीन अमरीकी दृष्टिकोण पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिये।

Write a short essay on the Latin American perspective on 'dependency'. 20

*(c)* सामाजिक आन्दोलन से आप क्या समझते हैं? अनुसूचित जातियों द्वारा लामबंदी ने उनको एक नई पहचान बनाने में किस प्रकार सहायता की है?

What do you understand by social movement? How has the mobilization by Scheduled Castes helped them in constructing a new identity? 10

★★★